अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 3 नवंबर 2025
कार्तिक शुक्ल द्वादशी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO : 07 BOTTOM

# बिरजू महाराज के दरबारी तराने पर कथक प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध



रिद्धिमा के महफिल-ए-अवध कार्यक्रम में कथक प्रस्तुत करते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम कथक प्रस्तुति की महफिल-ए-अवध सजाई गई। इसमें कथक गुरुओं और उनके विद्यार्थियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महफिल का आगाज पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज के रचित दरबारी तराना से हुआ। जिन पर कथक के विद्यार्थियों नायरा, गौर्वी, ईशान्वी, अवनी, गौरिका, नितारा, करुण्य, अहाना, मीरा, रिद्म, नित्या अग्रवाल, नित्या जैन, वृंदा, अयाण्या, गुरनूर, सखी, आरजू, नविता और मधुर ने अपने भावों को प्रदर्शित कर मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार ने किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डा. एमएस बुटोला, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, डा. शैलेश सक्सेना, डा. रीता शर्मा और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। संवाद